कृषि विपणन बोर्ड के दो इंजीनियर 30 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

परिवादी के 24.50 लाख रु. का बिल पास करने की एवज में मांगा था 5.50 प्रतिशत कमीशन

जयपुर (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मंगलवार को राजस्थान कृषि विपणन बोर्ड के अधिशासी अभियंता और सहायक अभियंता को 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। एसीबी को दोनों भ्रष्ट अफसरों के घर और फ्लैट में 5-5 लाख रुपए मिले है, जिसकी जांच की जा रही हैं।

एसीबी महानिदेशक बी.एल. सोनी ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसकी फर्म द्वारा कृषि विपणन बोर्ड में करवाए गए निर्माण कार्यों के पूर्व में पास एवं बकाया राशि 24.50 लाख रुपए के बिल पास करने की एवज में अधिशाषी अभियंता सुरेन्द्र सिंह और सहायक अभियंता गुलाब सिंह 5.50 प्रतिशत कमीशन मांग रहे है। दोनों अफसरों ने साफ कहा है कि 1.34 लाख रुपये रिश्वत दोगे, तभी बिल पास होंगे।

आरोपी सुरेन्द्र चौधरी

आरोपी गुलाब सिंह

- एसीबी को दोनों आरोपियों के घर और फ्लैट से 5-5 लाख रुपये की नकदी बरामद हुई, चल-अचल संपत्तियों की छानबीन करने में जुटे अफसर

इस पर एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ विष्णुकांत के सुपरविजन में एसीबी की जयपुर नगर द्वितीय इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजपाल गोदारा के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया गया। उप अधीक्षक अभिषेक पारीक और उनकी टीम ने ट्रेप की कार्रवाई करते हुए अलवर हाल अधिशासी अभियंता खंड ट्रिब्यूनल मार्केट राजस्थान कृषि विपणन बोर्ड के सुरेन्द्र चौधरी और कावेरी पथ मानसरोवर हाल सहायक अभियंता कृषि विपणन बोर्ड के गुलाब सिंह को गिरफ्तार कर लिया। एसीबी ने 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

एसीबी ने आरोपी सुरेन्द्र चौधरी अधिशाषी अभियंता के जयपुर स्थित फ्लैट की तलाशी ली तो वहां से 5 लाख रुपए की संदिग्ध राशि बरामद हुई। इसी प्रकार आरोपी गुलाब सिंह सहायक अभियंता के घर से एसीबी की टीम को 5 लाख 30 हजार रुपए की संदिग्ध नगदी और लाखों रुपए की चल अचल संपत्ति बरामद हुई है। एसीबी फिलहाल दोनों आरोपियों के बैंक खातों और अन्य संपत्तियों की जानकारी खंगाल रही है।

एडीजी दिनेश एमएन ने बताया कि परिवादी को आरोपी गुलाब सिंह ने रिश्वत के 30 हजार रुपए लेकर सोमवार को मानसरोवर स्थित कावेरी पथ घर पर बुलाया। आरोपी ने कहा कि ऑफिस जाने से पहले घर पर आ जाना। परिवादी ने आरोपी के घर पहुंचकर रिश्वत की राशि दी, तभी एसीबी ने उसको पकड़ लिया।

डीओपीटी बैठक में डीजीपी तय होने की संभावना

जयपुर (कासं)। अगले माह रिटायर हो रहे पुलिस महानिदेशक एम.एल.लाठर के स्थान पर प्रदेश का नया डीजीपी कौन होगा, इसे लेकर अब काउंटडाउन शुरू हो चुका है। नए डीजीपी के संभावित नामों पर चर्चा के करने के लिए बुधवार को दिल्ली में भी डीओपीटी की बैठक होने जा रही है, जिसमें नए डीजीपी के नामों पर फैसला होने की संभावना है। सूत्रों की मानें तो बैठक में भाग लेने के लिए राज्य की मुख्य सचिव उषा शर्मा भी बुधवार को दिल्ली पहुंचेंगी, जहां डीओपीटी के अधिकारियों के साथ चर्चा होगी। नए पुलिस महानिदेशक की दौड़ में तीन प्रमुख वरिष्ठ आईपीएस अफसरों के नाम चर्चाओं में है। सूत्रों के मुताबिक राजस्थान में डीजीपी के लिए आईपीएस भूपेंद्र दक, उमेश मिश्रा और यू.आर.साहू के नाम चर्चा में हैं। यू.आर.साहू जहां 88 बैच के आईपीएस अफसर है तो भूपेंद्र दक और उमेश मिश्रा 89 बैच के आईपीएस अफसर है। यू.आर.साहू वर्तमान में पुलिस महानिदेशक होमगार्ड हैं, भूपेंद्र दक पुलिस महानिदेशक जेल और उमेश मिश्रा पुलिस महानिदेशक इंटेलिजेंस के पद पर कार्यरत है।

फसल खरीद के बिना न्यूनतम समर्थन मूल्य की सार्थकता नहीं

जयपुर । दाने दाने की खरीद के बिना न्यूनतम समर्थन मूल्य की सार्थकता नहीं है भारत सरकार की आयात-निर्यात नीति किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से वंचित करने के लिए उत्तरदाई है, यथा गत वर्ष गेहूं के निर्यात 9 गुणा तक बढ़ने से मूल्यों में बढ़ोतरी हुई तो किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य प्राप्त हुआ किंतु उस निर्यात नीति में किसानों के विरोध में परिवर्तन के कारण गेहूं के भाव नीचे आए और खरीद हुई नहीं दलहन और तिलहन के संबंध में वर्ष 2020-21 में खाद्य तेलों का 135.4 लाख टन का आयात किया गया जिसका मूल्य 82.1 हजार करोड़ रुपए था।

किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने बताया कि इसी वर्ष में दलहन का 25 लाख टन का आयात किया गया जिसका मूल्य 12.2 हजार करोड़ था खरीद नीति में भेदभाव के कारण भी किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से वंचित किया जाता हैं किसानों के कल्याण के नाम पर प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान 2018 में चालू किया गया जिसमें किसानों की आय के संरक्षण का उल्लेख किया गया किंतु जिन उपजो के आयात पर भारी खर्च किया जाता हैं, उन्ही दलहन एवं तिलहन की 25 प्रतिशत तक की खरीद का प्रतिबंध का अर्थ 75 प्रतिशत उत्पादो को न्यूनतम समर्थन मूल्य की परिधि से बाहर धकेलना है 31 अगस्त को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में अरहर, मसूर एवं उडद में 25 प्रतिशत के प्रतिबंध में ढील देकर 40 फीसदी तक खरीद का संशोधन किया गया, किंतु मूंग और चना को छोड़ दिया। जबकि चना उत्पादन में भी राजस्थान देश में मध्य प्रदेश के बाद दूसरे स्थान पर है दोनों उपजो का किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य भी प्राप्त नहीं हुआ और गत वर्ष भी ये उपजे घाटे में बेचनी पडी यह भेदभाव पूर्ण खरीद नीति भी अन्यायकारी है न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणाओं को पूर्ण करने के लिए सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए और इसके लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की गारंटी का कानून सर्वोतम मार्ग है जब तक न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गठित समिति की रिपोर्ट नहीं आवे एवं सरकार द्वारा सकारात्मक कार्यवाही नहीं की जाये तब तक न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दामों में क्रय-विक्रय को रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही आवश्यक है।

सरगना समेत तीन शातिर वाहन चोर जयपुर पुलिस के हत्थे चढ़े

आरोपियों ने नशे का शौक पूरा करने के लिए शहर में एक दर्जन से ज्यादा वारदातों को अंजाम दिया

झोटवाड़ा पुलिस ने चोरी की सात बाइक बरामद कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया।

जयपुर, (कासं)। राजधानी जयपुर की झोटवाड़ा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मंगलवार को वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए सरगना सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की 7 बाइक बरामद की है। पूछताछ में एक दर्जन वारदातों का खुलासा हुआ है।

डीसीपी वेस्ट वंदिता राणा ने बताया कि 10 अक्टूबर को फिरोज खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बाइक 7 अक्टूबर को सुबह करीब 11 बजे इलाके में मोनिका हॉस्पीटल के बाहर से चोरी हो गई। इस कार्रवाई करते हुए वाहन चोरों को पकड़ने के लिए एडिशन डीसीपी रामसिंह शेखावत के निर्देशन में व एसीपी प्रमोद स्वामी और थानाधिकारी घनश्याम सिंह राठौड़ के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर कई बदमाशों से पूछताछ की। इस बीच पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी सोहेल उर्फ शूटर निवासी सिका मौहल्ला मुकन्दगढ़ झुंझुनूं हाल किराएदार शिवाजी नगर झोटवाड़ा, नदीम खान निवासी श्रीरामपुरी निवारू रोड जयपुर तथा अनुज कुमार खांडल निवासी मानसरोवर कॉलोनी कालवाड़ रोड जयपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस दौरान चोरी की वारदात कबूल करने पर तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। डीसीपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सोहेल पूर्व में जयपुर शहर में आधा दर्जन मामलों में चालानशुदा है। तीनों आरोपी नशा करने के आधी है। यह लोग नशे का शौक पूरा करने के लिए मोटरसाइकिल चोरी कर उनके पार्ट बेच देते थे। पूछताछ में सामने आया कि आरापियों ने जयपुर शहर के झोटवाड़ा, करधनी, करणी विहार व अन्य स्थानों पर बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है।

चाबी बनाने के बहाने बदमाशों ने लॉकर से जेवर और नकदी चुराई

जयपुर (कासं)। मुरलीपुरा इलाके में ताला-चाबी ठीक करने वाले दो बदमाशों ने नजर बचाकर लॉकर से रखे गहने-कैश चोरी कर लिए। पीड़ित सोमवार को थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

अब पुलिस वारदातस्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद बदमाश की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि मुरलीपुरा स्कीम निवासी बृज किशोर पाठक (62) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। शाम करीब पौने छह बजे कॉलोनी में दो सिकलीगर घूम रहे थे। ताला-चाबी ठीक करवा लो...की आवाज सुनकर उन्हें रोक लिया। अलमारी के लॉक की डुप्लीकेट चाबी बनाने के 80 रुपए मांगे। दोनों को बेटी के साथ ऊपर रुम में रखी अलमारी की चाबी बनवाने भेज दिया। डुप्लीकेट चाबी बनाते समय बेटी को पानी पिलाने और एक बार चाबी को गैस पर गर्म करके लाने भेजा। इस दौरान मौका पाकर दोनों सिकलीगर से अलमारी खोलकर लॉकर में रखे सोने-चांदी के गहने और 10 हजार रुपए पार कर लिए।

बदमाशों ने अलमारी के लॉक में एक चाबी तेल में डूबो के लटका दी। जाते हुए बोले कि 20-25 मिनट के बाद अलमारी खोलना। तब तक अच्छी तरह से लॉक के अंदर तक तेल चला जाएगा। नीचे रुम में रखी अलमारी का हैंडल लगाने को कहा तो बदमाशों ने कहा कि 120 रुपए में डलेगा, लेकिन कल सुबह आकर डालूंगा। अगले दिन वापस नहीं आने पर अलमारी वाले को बुलाकर नया लॉक लगवाया। लॉकर की चेक करने पर सिकलीगर की चोरी की करतूत का पता चला।

सहकारी संस्थाओं के संचालक मंडल के सदस्यों की सीटिंग फीस में वृद्धि

जयपुर, (का.सं.)। प्रदेश की विभिन्न सहकारी संस्थाओं के संचालक मण्डल के सदस्यों को संस्थाओं की संचालक मण्डल की बैठकों में भाग लेने के लिए सीटिंग फीस में दोगुनी वृद्धि की है। इन दरों को 11 वर्षों बाद संशोधित किया गया है। इस संबंध में रजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा परिपत्र जारी किया गया है।

परिपत्र के अनुसार शीर्ष बैंक, राजस्थान राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक (एसएलडीबी), राजफैड़, कानफैड़, आरसीडीएफ एवं सहकारी प्रसंस्करण मिलों के संचालक मण्डल की बैठकों में भाग लेने के लिए संचालक मण्डल के सदस्यों की सीटिंग फीस को 750 रूपये से बढ़ाकर 1500 रूपये किया गया है। जबकि अन्य शीर्ष सहकारी संस्थायें एवं केन्द्रीय सहकारी बैंकों की संचालक मण्डल बैठकों की सीटिंग फीस को 550 रूपये से बढाकर 1100 रूपये किया गया है।

प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंक, हॉलसेल भण्डार नागरिक सहकारी बैंक की संचालक मण्डल की बैठक में भाग लेने पर संचालक मण्डल के सदस्यों की सीटिंग फीस को 450 रूपये से बढ़ाकर 900 रूपये किया गया है। क्रय-विक्रय सहकारी समितियों की सीटिंग फीस को 250 रूपये से बढ़ाकर 500 रूपये तथा ग्राम सेवा सहकारी समितियों की सीटिंग फीस को 150 रूपये से बढ़ाकर 300 रूपये किया गया है। यह सीटिंग फीस सहकारी संस्था के संचालक मण्डल की बैठक में संचालक मण्डल के सदस्यों के शामिल होने पर देय होगी।

नशे की ओवरडोज से युवक मरा

जयपुर (कासं)। भट्टा बस्ती इलाके में खाली भूखण्ड में उगी झाड़ियों में मंगलवार दोपहर एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने सिटी एफएसएल की टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को कावंटिया हॉस्पिटल की मॉच्यूरी में रखवाया है। पुलिस प्रथमदृष्टया शराब व ड्रग्स के अत्यधिक डोज लेने से मौत होना मान रही है।

पुलिस ने बताया कि मृतक मोहम्मद सरफाज उर्फ मुन्ना (40) पुत्र मोहम्मद खलील मूलत: गया बिहार का रहने वाला है। वह भौमिया बस्ती भट्टाबस्ती में किराए से रहकर मजदूरी करता था। मुन्ना शराब के साथ ही नशा करने का आदी था। दोपहर करीब 2 बजे स्वर्ण गार्डन के पास किशन बाग में पड़े खाली भूखण्ड पर उगी झाड़ियों में उसका शव पड़ा मिला। रोड से करीब 100 मीटर अंदर झाड़ियों में लाश पड़ी होने का पता चलने पर सनसनी फैल गई। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए कांवटिया हॉस्पिटल भिजवाया गया। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि शराब पीने के कारण मृतक मुन्ना की पत्नी और 7 बच्चे अलग रहते थे। 2-3 दिन पहले मुन्ना ने पत्नी को कॉल कर साथ रहने की कहा था। शराब पीने के कारण पत्नी ने साथ रहने से मना कर दिया। पुलिस को लाश के पास से खाली इंजेक्शन मिला है।

सार-समाचार

असिन खान लंगा होंगे सम्मानित

जयपुर । विश्व विख्यात आगा खान संगीत अवार्ड से राजस्थान के लोक कलाकार असिन खान को दिया जाएगा। इसके अलावा इस पुरस्कार के लिए माली, यूके, तंजानिया, इरान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान आदि देशों के कलाकार शामिल हैं। असिन खान के अलावा भारत से जाकिर हुसैन को भी नामित किया गया है। आगा खान सम्मान दुनिया भर में संगीत के क्षेत्र में असाधारण काम करने कलाकारों को दिया जाता है। साल 2022 के सम्मान के असिन खान का चयन किया गया है। असिन खान लंगा राजस्थान के बाड़मेर जिले के बरनवा जागीर गाँव के रहने वाले हैं और वंशानुगत लंगा संगीत समुदाय से हैं। जो सिंधी सारंगी वादन कलाकार के रूप में देश-विदेश में ख्याति अर्जित कर चुके हैं। असिन खान लंगा अपनी पारंपरिक संस्कृति को बढ़ ावा देने के उद्देश्य से युवा कलाकारों को प्रोत्साहित करते हैं और स्थानीय संस्कृति को जिंदा किए हुए हैं। उल्लेखनीय है कि पर्यटन विभाग द्वारा यूनेस्को के साथ मिलकर बड़नावा जागीर के साथ लंगा मागनियार समुदाय के अन्य गांवों में प्रचलित संगीत की परंपरा के समर्थन हेतु परियोजना चलाई जा रही है। असिन खान लंगा परंपरागत लंगा संगीत के संरक्षक एवं आगामी पीढ़ी को परीक्षित करने के कार्य में पर्यटन विभाग के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं।

मैरिज गार्डन से नकदी भरा बैग चोरी

जयपुर (कासं)। सांगानेर इलाके में शातिर चोर एक गार्डन से एक लाख रुपयों से भरा बैग चुरा ले गया। पुलिस अब सीसीटीवी कैमरों को खंगालने में जुट गई हैं। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में सांगानेर निवासी ओमप्रकाश चन्द्रोदय ने थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने बताया कि सांगानेर स्थित शहनाई गार्डन में 15 अक्टूबर को उनके बेटे का आर्शीवाद समारोह चल रहा था। शाम सात बजे ओमप्रकाश ने अपने हाथ में रुपयों से भरा काला बैग पकड रखा था। काले बैग में एक लाख रुपए रखे हुए थे। शहनाई गार्डन के बैंकवेंट हॉल मे कार्यक्रम चल रहा था। हाथ में रखा बैग अन्य सामान स्टेज पर रख दिया। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिवार के रिश्तेदार भी बैठे थे। कुछ समय पश्चात एक व्यक्ति बैंकवेंट हाल में आया और एक लाख रुपयों से भरे बैग को एक तौलिए से ढक कर चुराकर ले गया।

कमल शर्मा बने समिति सदस्य



जयपुर, (का.सं.)। उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले युवाओं को पुरस्कृत करने हेतु राज्य सरकार द्वारा उपभोक्ता संरक्षण युवा पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र योजना चलाई जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत पुरस्कृत किये जाने वाले व्यक्तियों का चयन एक समिति द्वारा किया जाता है, जिसमें उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाला एक प्रख्यात व्यक्ति सम्मिलित है। इसके लिए उपभोक्ता संरक्षण युवा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र योजना के लिए गठित समिति में जयपुर के कमल शर्मा को दो वर्ष अथवा अग्रिम आदेश तक जो भी पहले हो तक की अवधि के लिए सदस्य मनोनीत किया जाता है।

यमन से लौटे दो यात्री गिरफ्तार

जयपुर । जयपुर एयरपोर्ट पर सोमवार को इमीग्रेशन अधिकारी की रिपोर्ट पर एयरपोर्ट थाना पुलिस ने यमन से भारत लौटे दो भारतीयों को गिरफ्तार किया गया है और साथ ही दोनों के पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज भी जब्त कर लिए गए हैं। गिरफ्तार किए गए भारतीयों में से एक राजस्थान का और दूसरा मध्यप्रदेश का रहने वाला है। इसके अलावा पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ इमिग्रेशन अधिकारी ने एयरपोर्ट थाने में मामला दर्ज कराया है। एयरपोर्ट थानाधिकारी हेमेन्द्र शर्मा ने बताया कि यमन जाने वाले और वहां से आने वाले भारतीयों के खिलाफ सरकार ने साल 2017 में गजट नोटिफिकेशन जारी किया गया था। जिसमें यमन जाना और वहां से आना आगामी आदेशों तक बैन कर दिया गया था। दो यात्री जो पकड़े गए हैं, वह कुछ समय से यमन में थे। यहां से वह पहले यूएई पहुंचे और वहां से हवाई जहाज के जरिए जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरे। उनमें से एक चूरू जिले का रहने वाला छगनलाल है और दूसरा एमपी के सतना जिले में रहने वाला रामभूषण गिरी है। दोनों यमन कब गए थे और वहां क्या करते थे। वहीं दोनों के दस्तावेज जांच के लिए सीज किए गए हैं और इसके साथ ही दोनों के यमन से जयपुर आने के कारणों को भी खंगाला जा रहा है।

उमंग ने मनाई "खुशियों की दिवाली"

जयपुर। राष्ट्रीय सेवा योजना, श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य पर एक उत्सव का आयोजन किया गया। उत्सव का थीम उमंग- खुशियों की दिवाली" रखा गया, जिसमें अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए व स्टाल लगाए गए। इस उत्सव की मुख्य अतिथि डॉ. दिपाली भारद्वाज (एम. बी. बी एस, स्किन स्पेशलिस्ट, एमस) रहीं। कॉलेज की प्रधानाचार्या प्रो. साधना शर्मा, एन. एस. एस विभाग के कार्यक्रम अधिकारी- अनीता कुमारी, संयोजक-डॉ. राजकुमार फलवरिया और सभी छात्रों द्वारा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। छात्रों द्वारा भिन्न-भिन्न की प्रकार की प्रतियोगिताएं करवाई गई। दिया सजावट व मटका सजावट, रंगोली प्रतियोगिता, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता, फेस पेंटिंग प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता आदि शामिल रहे।

बिना टिकट यात्रा पर दोगुना जुर्माना

जयपुर (कासं)। जयपुर की लो फ्लोर बसों में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर जुर्माना दोगुना लगाया जाएगा। पहले बिना टिकट यात्रा करने या कम राशि का टिकट लेकर अधिक दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों से 100 की पेनल्टी वसूली जाती थी। जिसे अब बढ़ाकर 200 कर दिया गया है। यह निर्णय जेसीटीएसएल कंपनी संचालक मंडल की 64वीं बैठक में हुआ है। विशेषाधिकारी आरएएस राजकुमार कस्वां ने बताया कि यह आदेश 1 नवंबर से प्रभावी होंगे।

हथियारों के साथ तीन बदमाश गिरफ्तार

जयपुर (कासं)। पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने प्रताप नगर में तीन बदमाशों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया। इन बदमाशों के पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस सहित वारदात के दौरान उपयोग किए जाने वाली कार को भी पुलिस ने जब्त किया है।

गिरफ्तार किए गए सभी बदमाश अलग-अलग जिलों में जाकर लूट, डकैती की वारदात को अंजाम दिया करते हैं, जिनके खिलाफ राजस्थान में कई आपराधिक मामले दर्ज है। इसके अलावा साथ ही लूट के मामलों में दौसा एवं सीकर में वांछित चल रहे है। आरोपित कभी गाड़ी को किराये पर लेकर चालक से लूट कर ले जाते थे। गाड़ी को औने पौने दामों में बेचकर निकल जाते हैं। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) परिस देशमुख ने बताया कि सीएसटी और प्रताप नगर थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गाडी को हायर कर के चालक से लूटपाट करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए गिरोह के शातिर बदमाश मनोज उर्फ आर.डी (21) निवासी गांव गुढा पोल हिण्डौन सिटी जिला करौली हाल प्रताप नगर जयपुर, अभिलाष मीणा (22) निवासी बयाना जिला भरतपुर हाल प्रताप नगर और गौतम सिंह (23) निवासी निवासी गांव मोहनपुर पोस्ट रघुवंशी कुडगांव जिला करौली को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपित मनोज चौधरी उर्फ आरडी के पास से एक देशी कट्टा, एक जिन्दा कारतूस सहित वारदात में प्रयुक्त बिना नम्बरी दुपहिया वाहन बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपित मनोज चौधरी उर्फ आरडी 11 वीं कक्षा तक पढा-लिखा है और जयपुर में प्राइवेट नौकरी करता है।

- आरोपियों के कब्जे से देशी कट्टा, कारतूस और कार बरामद
- प्रदेश के कई जिलों में जाकर लूट और डकैती की वारदात करते हैं बदमाश

जिसके खिलाफ पांच आपराधिक प्रकरण दर्ज है। आरोपित ने अपने दोस्त अभिलाष मीणा व गौतम सिंह के मिलकर महुआ जिला दौसा में हथियार के बल पर रुपये व मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम दिया था । इसके अलावा सीकर जिले के पुलिस थाना खाटूश्यामजी में स्विफ्ट डिजायर गाडी चुराकर जयपुर शहर में रहकर फरारी काट रहे थे। गिरफ्तार आरोपितों से अवैध हथियार व अन्य वारदातें के खुलासे की संभावना है।

अफसरों ने कलेक्टर को परकोटे में सिर्फ वही जगह दिखाई, जहां पर कचरे के ढेर नहीं थे

दीपावली से पहले शहर की सफाई-रोशनी व्यवस्था जांचने पहुंचे थे प्रकाश राजपुरोहित

जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने मंगलवार को परकोटा क्षेत्र में सफाई-रोशनी की व्यवस्था देखी। इस दौरान अफसरों ने छोटी चौपड़ की गलियों में लगा गंदगी का ढेर कलेक्टर को नहीं दिखाया। फोटो-राष्ट्रदूत

जयपुर (कासं)। राजधानी जयपुर के परकोटे समेत तमाम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बेहद खस्ताहाल है, लेकिन हालात सुधारने के बजाय अफसर इन्हें ढकते नजर आते है। मंगलवार को भी कुछ ऐसा ही हुआ, जब कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित परकोटा क्षेत्र में सफाई और रोशनी व्यवस्था जांचने पहुंचे। अफसरों ने कलेक्टर को सिर्फ वहीं गलियां दिखाई, जहां साफ-सफाई थी। जिन गलियों में गंदगी के लंबे-चौड़े ढेर लगे थे, वहां कोई पहुंचा तक नहीं।

दरअसल कलेक्टर दीपावली पर्व से पहले शहर में सफाई और रोशनी व्यवस्था का जायजा लेने के लिए परकोटे में पहुंचे थे। उन्होंने चांदपोल, नाहरगढ़, किशनपोल, छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार, गोविन्द देवजी मंदिर, हवामहल, बडी चौपड़, रामगंज बाजार, रामगंज चौपड़ और घोड़ा निकास क्षेत्रों में जाकर व्यवस्थाएं देखी। लेकिन छोटी चौपड़ से नीचे उतरते हुए दूसरी गली में कचरे का ढेर लगा था, वहां न तो कलेक्टर पहुंचे और न ही अफसरों ने कुछ बताया। कलक्टर जब गणगौरी बाजार पहुंचे तो व्यापारियों ने कचरे का ढेर नहीं उठने को लेकर नगर निगम प्रशासन की शिकायत भी की, इस पर अफसर बगलें झांकते नजर आए।

- व्यापारियों ने नगर निगम के अफसरों के सामने बदहाल सफाई की शिकायत की, अफसर मुंह ताकते नजर आए

इससे पहले कलेक्टर ने स्थानीय व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं भी सुनी। जयपुर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सुभाष गोयल ने शिकायत दी कि बाजारों के बरामदों में अतिक्रमण की समस्या है, जिसकी वजह से बाजारों में आने वाले ग्राहकों के लिये पार्किंग की समस्या होती है। इस पर कलक्टर ने कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

सुभाष गोयल ने बताया कि बारिश के समय बरामदों में करंट आने की समस्या भी आती है, इस पर कलक्टर ने संबंधित अधिशाषी अभियंता को हालात सुधारने को कहा।

कलक्टर ने हवामहल बाजार में मुख्य सड़क के गड्ढों को ठीक करवाने को कहा। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) मोहम्मद अबूब्रक, उपायुक्त नगर निगम हेरिटेज आशीष कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।